
## Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# 2011 से स्वीकृत पेयजल योजना दस साल के बाद भी अधूरी

## नौले व धारों से पीने का पानी तीन किमी दूर से पीठ में ढोने को मजबूर ग्रामीण

**जिम्मेदार कौन**

पेयजल मंत्री ग्रामीणों की समस्या का समाधान करने में साबित नही हो पा रहे सक्षम

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट।**

पिथौरागढ़। थल रामगंगा डीडीहाट पेयजल योजना पिछले बीते दस साल से बनने के बजाए विवादों के घेरे में आ गई है। जानकारी के मुताबिक बीते साल 2011 में स्वीकृत चौबीस किमी लंबी इस पेयजल योजना को बनने में पूरे दस साल लग गये। वही डीडीहाट की जनता को स्वच्छ पेयजल व पीने के पानी की पूर्ति के लिए खर्च किये तेइस करोड़ रूपये बर्बादी की तस्वीर बयां कर रहे है।

सीमांत के डीडीहाट क्षेत्रवासियों को उम्मीदें थी कि इस पेयजल योजना के बन जाने के बाद पानी के लिए इधर उधर नही भटकना पड़ेगा। आलम यह है कि क्षेत्रवासियों को पीठ में लादकर पानी नौलें व धारों से लादने को मजबूर होना पड़ रहा है। बता दें कि यह हाल पेयजल मंत्री बिशन सिंह चुफाल के गृह क्षेत्र का है। खुद पेयजल मंत्री के गृह क्षेत्र के क्षेत्रवासी कह रहे है कि पेयजल मंत्री उनकी समस्या का समाधान करने में सक्षम साबित नही हो पा रहे है। क्षेत्र की जनता बीते दस सालों से पेयजल योजना बनने के नाम पर अपने को छला हुआ महसूस कर रही है।



क्षेत्र की जनता ने कहा है कि करोड़ों की लागत से बनाई जा रही पेयजल योजना आज भी अधूरी लटकी हुई है। क्षेत्र की जनता पेयजल के लिए आज भी तरस रही है। आलम यह है कि क्षेत्रवासी जहां एक ओर पेयजल योजना के नाम पर उपेक्षा का शिकार हुए है वही घरों के कामकाज छोड़ क्षेत्र के लोगों को पानी की पूर्ति के नौले धारे में लंबी मीलों चढ़ाई पार कर पेयजल की पूर्ति के लिए दर दर भटकना पड़ रहा है।

वही क्षेत्र के लोगों में ऐसे में खासा आक्रोश बढ़ रहा है। वही कई बार पेयजल निगम के आला अधिकारियो से शिकायत करने के बाद भी उनकी समस्या का हल नहीं निकल सका है। वही इस मामले पर डीडीहाट पेयजल निगम के ईई शुभम द्विवेदी ने कहा कि क्षेत्र में पेयजल की खासी किल्लत बरकरार है। पेयजल पूर्ति के लिए बनाई जा रही पेयजल योजना थल रामगंगा डीडीहाट पेयजल योजना के बनने में अभी खासा आगे और भी ज्यादा समय लगने के आसार बन रहे है जिससे मुश्किलें बढ़ना लाज्मी है।

## न्यूज डायरी

### पर्यटन सचिव ने नए पर्यटन स्थलों को विकसित करने के दिए निर्देश

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद कार्यालय गढ़ीकैंट देहरादून में पर्यटन सचिव दिलीप जावलकर ने शुक्रवार को अधिकारियों व सभी जिला पर्यटन अधिकारियों के साथ पर्यटन विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री जी की घोषणाओं, 13 डिस्ट्रिक्ट 13 डेस्टिनेशन से संबंधित नयी तथा चालू योजनाओं, वीरचन्द्र सिंह गढ़वाली स्वरोजगार योजना, दीन दयाल उपाध्याय होमस्टे योजना व ट्रेकिंग ट्रैक्शन योजना सहित अन्य मुख्य बिन्दुओं पर चर्चा की। शुक्रवार को पर्यटन सचिव दिलीप जावलकर ने विभागिय अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक कर पर्यटन उद्योग से जुड़े लोगों को सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करने और नए पर्यटन स्थल विकसित करने के निर्देश दिए।

### कांग्रेस हुई आक्रामक, महंगाई, बेरोजगारी आदि मुद्दों पर घेराबंदी तेज

**संवाददाता** अल्मोड़ा। महंगाई, बेरोजगारी आदि मुद्दों को लेकर कांग्रेस सत्तापक्ष के खिलाफ आक्रामक हो गई है। विगत दिवस द्वाराहाट में जुलूस के बाद शुक्रवार को कांग्रेसियों ने पूर्व विधायक मनोज तिवारी की अगुआई में गांधी पार्क में धरना दिया। स्पष्ट किया कि जनहितों से जुड़ी समस्याओं की अनदेखी किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके लिए पार्टी को चाहे कितना ही संघर्ष क्यों नहीं करना पड़े।
इस दौरान पूर्व विधायक मनोज तिवारी ने कहा कि वर्तमान में पूरे देश की जनता महंगाई से त्रस्त है।पेट्रोल– डीजल,घरेलू रसोई गैस सिलिंडर,खाद्यान्न,तेल व दालों सहित अन्य आवश्यक वस्तुओं के मूल्य आसमान पहुंच गए हैं। डबल इंजन की सरकार महंगाई पर अंकुश लगाने में पूरी तरह नाकाम साबित हुई है।

### बेरोजगारी और महंगाई के खिलाफ कांग्रेस ने किया धरना–प्रदर्शन

**संवाददाता** रुद्रपुर। बेरोजगारी और बढ़ती महंगाई के खिलाफ कांग्रेसियों ने रुद्रपुर के गांधी पार्क में धरना–प्रदर्शन किया। साथ ही इसके लिए केंद्र की भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए कांग्रेसियों ने हरिद्वार कुंभ में हुए कोरोना जांच घोटाले की मांग की। शुक्रवार को कांग्रेस और यूथ कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता गांधी पार्क में एकत्र हुए और धरने में बैठे। इस दौरान भाजपा की राज्य और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। वक्ताओं ने कहा कि भाजपा सरकार की जनविरोधी नितियों के चलते देश में बेरोजगारी और महंगाई बढ़ी है। महिलाओं के ऊपर अत्याचार हो रहे हैं और हरिद्वार महाकुंभ में कोरोना जांच के नाम पर करोड़ों का महाघोटाला हुआ है।

# दुष्कर्म मामले में विधायक नेगी डीएनए टेस्ट को तैयार

**संवाददाता** अल्मोड़ा। द्वाराहाट में बीते रोज सार्वजनिक तौर पर पीड़िता के आक्रामक रुख पर दुष्कर्म के मामले में फंसे विधायक महेश नेगी ने चुप्पी ही नहीं तोड़ी। बल्कि बेबाकी से कहा– श्वह कोर्ट का सम्मान करते हैं और डीएनए टेस्ट को तैयार हैं। मेरे ऊपर 376 का मुकदमा है। बड़ा केस है। इन्हें (विरोधियों को) लग रहा है कि मुद्दा उनके हाथ से निकल रहा है तो डीएनए कहने लगे हैंश्। विधायक यहीं नहीं रुके। आगे बोले– डीएनए टेस्ट में कुछ होना ही नहीं है। अगर कोई बात होती भी है तो कोई बात नहीं। भरण पोषण दूंगे। अपना काम खत्म। इसमें एक दिन की भी आपको जेल नहीं हो सकती।
दुष्कर्म के आरोपित विधायक महेश नेगी ने शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस बुलाई। कहा कि बीते गुरुवार के घटनाक्रम ने स्पष्ट्ट कर दिया है कि तानाबाना कांग्रेस ने बुना है। उसे (पीड़िता को) मुख्य अतिथि बनाया। विधायक आवास पर धरने संबंधी पीड़िता की चेतावनी पर महेश नेगी ने कहा कि उन्हें धमकाया जा रहा है कि न्यायालय से न्याय न मिला तो ऐसा कर देंगे। उन्हें कोर्ट पर भी भरोसा नहीं है। इसीलिए साजिश की जा रही।
विधायक नेगी ने कहा कि गैंग बन चुकी है। उनकी हत्या करवा सकते हैं। परिवार को नुकसान पहुंचा सकते हैं। 2022 के चुनाव से पूर्व इस तरह की वीडियो जोडजाड़ पेश कर सकते हैं। विधायक ने आरोप लगाया कि पहले दिन से ही उनसे रुपयों की डिमांड की गई थी।



## सीएचसी में डिजिटल अल्ट्रासाउंड और एक्स–रे की सुविधा

**संवाददाता** बाजपुर। आबकारी मंत्री यशपाल आर्य ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्थापित हुई डिजिटल अल्ट्रासाउंड व एक्स–रे मशीनों का शुभारंभ फीता काटकर किया। साथ ही निर्माणाधीन ऑक्सीजन प्लांट का निरीक्षण कर कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को जल्द निर्माण करने के निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री आर्य ने शुक्रवार को शुभारंभ के दौरान कहा कि इसका लाभ क्षेत्र के साथ ही आसपास के मरीजों को भी मिलेगा। सरकारी अस्पताल की व्यवस्था सुधारने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए अस्पताल में ऑक्सीजन पाइप लाइन स्थापित कराई गई। अभी 80 लाख रुपये की लागत से ऑक्सीजन प्लांट लग रहा है। इस मौके पर आर्य ने कहा कि आबकरी विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जल्द बैठक कर राजस्व बढ़ाने व विभाग की व्यवस्था और बेहतर बनाने पर चर्चा की जाएगी।

# ज्वैलर्स का सोना लेकर फरार होने वाला कारीगर बिहार से गिरफ्तार

न्यायालय में पेश करने के बाद भेज दिया गया जेल

**संवाददाता** चम्पावत। चंपावत जिले के पाटी बाजार स्थित महालक्ष्मी ज्वैलर्स की दुकान से सोना चोरी करने वाले आरोपित को पुलिस ने बिहार से गिरफ्तार कर लिया है। शुक्रवार को उसे न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। दुकान स्वामी सुधीर कुमार पुत्र कपल सिंह, निवासी, मल्ली बाजार पाटी ने इसी साल मार्च में पुलिस को तहरीर देकर दुकान में कारीगर के रूप में कार्य करने वाले व्यक्ति पर सोना चोरी का आरोप लगाया था।
सुधीर की पाटी बाजार स्थित महालक्ष्मी ज्वैलर्स नामक दुकान में करन साह पुत्र रामजी साह, निवासी बिजवनी घोड़ासाहन, थाना जितना, जिला मोतीहारी (बिहार) बतौर कारीगर काम करता था। 27 मार्च को उसने कारीगर करन साह को 45 ग्राम सोना देकर सफाई और डाई कराने के लिए लोहाघाट भेजा। जहां से वह सोना लेकर फरार हो गया। मोबाइल पर फोन किया गया तो वह स्विच ऑफ मिला। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपित के खिलाफ आईपीसी की धारा 406 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया और उपनिरीक्षक हरीश प्रसाद के नेतृत्व में टीम का गठन कर मामले की जांच शुरू कर दी।
मोबाइल सर्विलांस की मदद से उसकी लोकेशन बिहार के पूर्वी चम्पारण क्षेत्र में मिली। आरोपित की गिरफ्तारी के लिए उपनिरीक्षक विजय कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम बिहार के सीतामणी जिले में भेजी गई। आरोपित को ग्राम सिरौना, थाना शिकारगंज, जिला पूर्वी चम्पारन (बिहार) से गिरफ्तार कर लिया गया। ट्रांजिट रिमांड लेकर आरोपित को शुक्रवार को चम्पावत लाकर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।
पाटी के थानाध्यक्ष हरीश प्रसाद ने बताया कि आरोपित ने पूछताछ में बताया कि उसने 45 ग्राम सोने को बिहार राज्य से लगने वाले नेपाल के बीरगंज में तस्करों को बेच दिया। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष के साथ उपनिरीक्षक विजय कुमार, कांस्टेबल हरीश कुमार, खीम सिंह, साइबर सैल के सद्दाम हुसैन, सर्विलांस के भुवन पांडेय शामिल रहे।

## बहुप्रतिक्षित अंडरपास मार्ग निर्माण का शिलान्यास

**संवाददाता** बाजपुर। बहुप्रतिक्षित आलापुर–चकरपुर अंडरपास मार्ग निर्माण का शिलान्यास कैबिनेट मंत्री अरविंद पांडेय ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि उनके लिए जनता का हित सर्वोपरि है। शिक्षा मंत्री पांडेय ने शुक्रवार को ग्राम चकरपुर में आलापुर मार्ग पर शिलान्यास के दौरान कहा कि एसएस कंस्ट्रेशन कंपनी को ठेका मिल चुका है। कागजी प्रक्रिया भी लगभग पूरी हो चुकी है। जल्द अंडरपास बन जाएगा। राज्य सरकार ने रेलवे को दो करोड़ 49 लाख 49 हजार रुपये की धनराशि अवमुक्त कर दी है। उन्होंने दावा किया कि लालकुआं से काशीपुर के बीच यह अकेला अंडरपास स्वीकृत हुआ है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व सांसद बलराज पासी ने कहा कि गोरखपुर से लेकर इज्जतनगर तक तमाम आपत्तियां लगने के बाद यह शुभ दिन आया है, जब जनता को उनका मार्ग मिल पाएगा। कहा कि बाजपुर और चकरपुर का गहरा रिश्ता है, जो मार्ग की वजह से थोड़ा अवरुद्ध हुआ था।